पाठ-बोध

1. प्रश्नों के उत्तर दें—

- **मौखिक** *(Oral)*

  i) तमिलनाडु के मूल निवासी द्रविड़ हैं और उनकी भाषा तमिल है।

  ii) कांचीपुरम का प्राचीन नाम कंचनपुर था।

  iii) संत कवि तिरुवल्लुवर की कृति का नाम तिरुक्कुरल है।

  iv) तमिलनाडु में कोडाईकनाल, ऊटी, कोर्टालम आदि प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं।

- **लिखित** *(Written)*

  i) तमिलनाडु राज्य विदेशियों के हमलों से काफ़ी बचा रहा इसलिए यहाँ भारतीय संस्कृति की झलक सबसे अधिक दिखाई देती है।

  ii) तमिलनाडु में मंदिरों की संख्या अधिक होने के कारण इसे 'मंदिरों का राज्य' कहा जाता है। यहाँ के कांचीपुरम, तंजाऊर, मदुरै और रामेश्वरम मंदिर विश्वप्रसिद्ध हैं।

Scanned with CamScanner

iii) **क.** यह मदुरै में स्थित है। यह कला और परिश्रम का अनोखा उदाहरण है।

ख. यह अरब सागर, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्थित है।

ग. इसके शिवमंदिर का संबंध रामायण से है।

iv) तमिलनाडु के लोगों का रहन-सहन सीधा-सादा है। नारियल के रेशों से रस्सी-पायदान आदि बुनना, समुद्री तट पर मछलियाँ पकड़ना, धान, गन्ने, कॉफ़ी, नारियल, काजू की खेती करना, रेशम की साड़ियाँ, कपड़े बुनना आदि यहाँ के मुख्य धंधे हैं।

v) तमिलनाडु में पाँच अभयारण्य हैं, जिनमें हिरन, शेर, हाथी आदि पशु तथा जलपक्षी रहते हैं।

व्याकरण-बोध

1. समानार्थी शब्दों के जोड़े बनाएँ—

समुद्र, पर्वत, बगीचा, वन, सौंदर्य, पहाड़, जंगल, सुंदरता
सागर, स्तंभ, कपड़े, कथा, खंभा, उपवन, कहानी, वस्त्र

समुद्र	—	सागर	सौंदर्य	—	सुंदरता
पर्वत	—	पहाड़	स्तंभ	—	खंभा
बगीचा	—	उपवन	कपड़े	—	वस्त्र
वन	—	जंगल	कथा	—	कहानी

2. दिए गए वर्णों का संयोजन करके शब्द सामने लिखें—

क् + अ + न् + य् + आ + क् + उ + म् + आ + र् + ई = कन्याकुमारी

प् + र् + आ + क् + ऋ + त् + इ + क् + अ = प्राकृतिक

म् + ई + न् + आ + क् + ष् + ई = मीनाक्षी

न् + अ + द् + ई = नदी

ह् + अ + र् + आ = हरा

3. • 'रु' और 'रू' से पाँच-पाँच शब्द बनाएँ—

रु: रुकना, रुतबा, रुचि, गुरु, रुद्राक्ष

रू: रूपा, रूमाल, रूलर, रूह, शुरू

4. • 'र' के सही रूप का प्रयोग करते हुए शब्दों को पूरा करें—

समुद्र	पर्वत	द्रविड़	मूर्ति	निर्माण
आकर्षण	प्रदेश	मार्ग	धार्मिक	क्रोधित
राष्ट्र	सूर्योदय	वर्ष	कर्नाटक	प्रकार
ड्रम	ट्रक	प्रसिद्ध	दिनचर्या	ट्राम

Scanned with CamScanner

5. **निम्नलिखित शब्दों में 'इक' या 'ईय' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाएँ—**

धर्म	+	····इक····	=	····धार्मिक····
पर्वत	+	····ईय····	=	····पर्वतीय····
भारत	+	····ईय····	=	····भारतीय····
संस्कृति	+	····इक····	=	····सांस्कृतिक····
पुराण	+	····इक····	=	····पौराणिक····
प्रकृति	+	····इक····	=	····प्राकृतिक····

Scanned with CamScanner